हिंदी अध्यापक संघ
VICTERS CLASS - 12/11/21
10th Hindi, Work sheet with notes
बच्चे काम पर जा रहे हैं

ക്ലാസ് കേൾക്കുന്നതിന് ഇവിടെ ക്ലിക്ക് ചെയ്യൂ.....

सूचना: "बच्चे काम पर जा रहे हैं " कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

क्या सारे मैदान सारे बगीचे और घरों के आंगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में
कितना भयानक होता अगर ऐसा होता
भयानक है लेकिन इससे भी ज्यादा यह
कि है सारी चीजें हस्बमामूल।

1 हस्बमामूल का समानार्थी शब्द है.......
उत्तर मामूल के मुताबिक

2, 'सारी चीजें' में विशेषण शब्द कौन सा है ?
उत्तर : सारी

3, सारी चीजें हस्बमामूल होना कवि के लिए ज़्यादा भयानक है। कवि क्यों ऐसे सोचते हैं ?
उत्तर: आजकल बच्चे काम पर जाना सामान्य सी बात बन गई है। पढ़ाई और खेल-कूद को छोड़कर बहुत सारे बच्चे काम पर जा रहे हैं। यह एक साधारण दृश्य बन गया है। कोई इसे एक समस्या नहीं मानता है।

4, कवि और कविता का परिचय देते हुए उपर्युक्त पंक्तियों का आशय लिखें ?
उत्तर: श्री राजेश जोशी हिंदी साहित्य के समकालीन कवि है। आपकी कविताओं में सामाजिक सच्चाई देखने को मिलता है। बच्चे काम पर जा रहे हैं आप की एक प्रमुख कविता है।

बड़े सबेरे काम पर चलनेवाले बच्चों को देखकर कवि सोचते हैं कि क्या सारे मैदान, बगीचे और घरों के आँगन एकाएक नष्ट हो गए हैं? बच्चे इस तरह काम पर क्यों जा रहे हैं? फिर इस दुनिया में क्या बचा है? यह एक भयानक दृश्य होता है। भयानक हालत होने पर भी छोटे-छोटे बच्चे अब भी काम के लिए जा रहे हैं। यह तो मामूली बात बन गई है।

बच्चों से काम करवाना अच्छी बात नहीं। उन्हें पढ़ने का अवसर देना चाहिए।

5, 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखें।

हिंदी के आधुनिक कवियों में प्रमुख हैं राजेश जोशी। उनकी प्रसिद्ध कविता है 'बच्चे काम पर जा रहे हैं। इसमें आधुनिक समाज की एक प्रमुख समस्या की चर्चा है।

माँ-बाप गरीब हैं। वे बच्चों का पालन पोषण नहीं कर सकते हैं। अतः बच्चों को अपनी पढ़ाई छोड़कर काम पर जाना पड़ रहा है। वे गेंदें, पुस्तकें, खिलौने, स्कूल,मैदान, बगीचे और घर के आँगन इन सबसे वंचित हैं।

बालश्रम पर कानूनी रोक है। फिर भी बच्चे काम करने केलिए विवश हो रहे हैं। इस बात पर कवि की आशंका ही कविता का विषय है। अपनी इस आशंका का ज्वलंत वर्णन कवि ने किया है।

6, अपने बचपन से वंचित कई बच्चे हैं। उनकी मदद करना हमारी भी ज़िम्मेदारी है। बालश्रम के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें।



HW

7, संबंध पहचानें और सहीं मिलान करें।

सारी गेंदें	दीमकों ने खा लिया है क्या ?
सारे खिलौने	अंतरिक्ष में गिर गई हैं क्या ?
सारे मदरसों की इमारतें	काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं क्या ?
सारी किताबें	किसी भूकंप में ढह गई है क्या ?